# मोहे प्यारो लगे वृन्दावन कोई हाथ पकड़ पहुंचा देना लिरिक्स

मोहे प्यारो लगे वृन्दावन,
कोई हाथ पकड़ पहुंचा देना,
उस बांके से मुझे मिलवा देना,
कोई हाथ पकड़ पहुंचा देना,
मोहे प्यारों लगे वृन्दावन,
कोई हाथ पकड़ पहुंचा देना।bd।

---

वृन्दावन के बांके बिहारी,
जाकी मोटी अँखियाँ कजरारी,
मेरे नैनो से नैन मिलवा देना,
कोई हाथ पकड़ पहुंचा देना,
मोहे प्यारों लगे वृन्दावन,
कोई हाथ पकड़ पहुंचा देना।bd।

---

वृन्दावन यमुना का किनारा,
स्नान कर मिले भक्ति अपारा,
मुझे प्रेम भक्ति दिखवा देना,
कोई हाथ पकड़ पहुंचा देना,
मोहे प्यारों लगे वृन्दावन,
कोई हाथ पकड़ पहुंचा देना।bd।

---

वृन्दावन की रज अति पावन,
संतो के दर्शन मनभावन,
मने मस्तक पे रज लगवा देना,
कोई हाथ पकड़ पहुंचा देना,
मोहे प्यारों लगे वृन्दावन,
कोई हाथ पकड़ पहुंचा देना।bd।

---

‘मोहन’ पिले प्रेम का प्याला,
राधा नाम का हो जा मतवाला,
राधा नाम अमृत पिलवा देना,
कोई हाथ पकड़ पहुंचा देना,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मोहे प्यारो लगे वृन्दावन,
कोई हाथ पकड़ पहुंचा देना,
उस बांके से मुझे मिलवा देना,
कोई हाथ पकड़ पहुंचा देना,
मोहे प्यारों लगे वृन्दावन,
कोई हाथ पकड़ पहुंचा देना।bd।

**Singer – Sunila Tusania**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com